Series AB4CD/4

Set – 2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/4/2**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **25** printed pages **+1** Map.*
- *Please check that this question paper contains **37** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



ZOLLEGE

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस-आधारित/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न है जिसमें दो भाग हैं – **37(a)** इतिहास (**2** अंक) और **37(b)** – भूगोल (**3** अंक) । इस प्रश्न के कुल **5** अंक हैं ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## खण्ड क

## (बहुविकल्पीय प्रश्न) *(20×1=20)*

**1.** 1992 में भारत में संविधान संशोधन करके निम्नलिखित में से किस संस्था में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई ? *1*

(A) लोक सभा

(B) राज्य सभा

(C) विधान परिषद

(D) पंचायत

**2.** भारतीय संविधान में वर्णित 'शिक्षा' निम्नलिखित में से किस सूची के अंतर्गत आती है ? *1*

(A) संघ सूची

(B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची

(D) बाकी बचे विषय


ZOLLEGE

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***37*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***six*** *sections –* ***Section A, B, C, D, E*** *and* ***F****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***20*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***40*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***60*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***120*** *words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***34*** *to* ***36*** *are Case-based/Source-based questions with three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* ***Section F*** *– Question no.* ***37*** *is Map skill-based question with two parts –* ***37(a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***37(b)*** *from Geography (****3*** *marks). This question carries total* ***5*** *marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

### (Multiple Choice Questions) *(20×1=20)*

**1.** In which one of the following institutions in India was a system of reservation for women made by amending the Constitution in 1992 ? *1*

(A) Lok Sabha

(B) Rajya Sabha

(C) Legislative Council

(D) Panchayat

**2.** ‘Education’ falls under which one of the following lists given in the Indian Constitution ? *1*

(A) Union List

(B) State List

(C) Concurrent List

(D) Residuary Subjects



ZOLLEGE

**3.** सत्ता के बँटवारे के पक्ष में दिए गए तर्कों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

I. पक्षपात की संभावना को कम करता है ।

II. निर्णय लेने की प्रक्रिया को अवरुद्ध करता है ।

III. विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करता है ।

IV. सत्ता में लोगों की भागीदारी को बढ़ाता है ।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II व III सही हैं ।

(B) केवल II, III व IV सही हैं ।

(C) केवल I, III व IV सही हैं ।

(D) केवल I, II व IV सही हैं ।

**4.** भारत में 'मैंगनीज़' के उत्पादन में निम्नलिखित राज्यों के अंश (प्रतिशत में) के लिए अधिकतम से न्यूनतम क्रम वाले सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

(A) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा

(B) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, कर्नाटक

(C) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा

(D) महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक

**5.** स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

| | *स्तंभ I (बाँध)* | | *स्तंभ II (नदी)* |
|---|---|---|---|
| i. | सरदार सरोवर | a. | सतलुज |
| ii. | हीराकुड | b. | कृष्णा |
| iii. | भाखड़ा नांगल | c. | नर्मदा |
| iv. | नागार्जुन सागर | d. | महानदी |

**विकल्प :**

(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d

(B) i-b, ii-a, iii-d, iv-c

(C) i-c, ii-d, iii-b, iv-a

(D) i-c, ii-d, iii-a, iv-b


ZOLLEGE

3. Read the arguments given in the favour of power sharing and choose the correct option. *1*

I. Reduces the likelihood of bias.
II. Barricades the decision-making process.
III. Accommodates diversities.
IV. Increases the participation of people in power.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only II, III and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only I, II and IV are correct.

4. Choose the correct option for the following States' share (in percentage) in the production of 'manganese' in India from the highest to the lowest order. *1*

(A) Madhya Pradesh, Maharashtra, Karnataka, Odisha
(B) Madhya Pradesh, Maharashtra, Odisha, Karnataka
(C) Maharashtra, Madhya Pradesh, Karnataka, Odisha
(D) Maharashtra, Odisha, Madhya Pradesh, Karnataka

5. Match Column I with Column II and choose the correct option. *1*

| | *Column I (Dams)* | | *Column II (Rivers)* |
|---|---|---|---|
| i. | Sardar Sarovar | a. | Sutlej |
| ii. | Hirakud | b. | Krishna |
| iii. | Bhakra Nangal | c. | Narmada |
| iv. | Nagarjuna Sagar | d. | Mahanadi |

**Options :**

(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(B) i-b, ii-a, iii-d, iv-c
(C) i-c, ii-d, iii-b, iv-a
(D) i-c, ii-d, iii-a, iv-b


ZOLLEGE

**6.** नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A)* : हिमालय में प्रसिद्ध 'चिपको आंदोलन' कई क्षेत्रों में वन कटाई रोकने में कामयाब रहा ।

*कारण (R)* : इसके द्वारा स्थानीय पौधों की जातियों का प्रयोग करके सामुदायिक वनीकरण अभियान को सफल बनाया गया ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

**7.** निम्नलिखित में से किसने कहा कि – "मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफ़ा ।" ? *1*

(A) मार्टिन लूथर

(B) महात्मा गाँधी

(C) जोहान गुटेनबर्ग

(D) रशसुंदरी देवी

**8.** काँग्रेस के भीतर 'स्वराज पार्टी' के संस्थापकों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

(A) सुभाष चंद्र बोस व जवाहरलाल नेहरू

(B) आचार्य कृपलानी व जयप्रकाश नारायण

(C) सी.आर. दास व मोतीलाल नेहरू

(D) महात्मा गाँधी व सरदार पटेल

**9.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

'रेशम मार्ग' (सिल्क रूट) से भारत व दक्षिण-पूर्व एशिया के ________ दुनिया के दूसरे भागों में पहुँचते थे ।

(A) सोने व चाँदी के आभूषण

(B) कपड़े व मसाले

(C) अनाज व दालें

(D) लोहा व अन्य धातुएँ


ZOLLEGE

6. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A)* : The famous 'Chipko Movement' in the Himalayas successfully resisted deforestation in several areas.

*Reason (R)* : Through this, community afforestation campaign with indigenous species was made enormously successful.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

7. Who among the following said – "Printing is the ultimate gift of God and the greatest one." ? *1*

(A) Martin Luther

(B) Mahatma Gandhi

(C) Johannes Gutenberg

(D) Rashsundari Devi

8. Choose the correct option, related to the founders of the 'Swaraj Party' within the Congress. *1*

(A) Subhas Chandra Bose and Jawaharlal Nehru

(B) Acharya Kripalani and Jayaprakash Narayan

(C) C.R. Das and Motilal Nehru

(D) Mahatma Gandhi and Sardar Patel

9. Choose the correct option to fill in the blank. *1*

__________ from India and Southeast Asia travelled through 'Silk Route' to other parts of the world.

(A) Gold and silver ornaments

(B) Clothes and spices

(C) Grain and pulses

(D) Iron and other metals


ZOLLEGE

10. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

I. फ्रांस की क्रांति

II. नेपोलियन का इटली पर हमला

III. इटली का एकीकरण

IV. वियना शांति संधि

**विकल्प :**

(A) I, II, IV, III (B) II, IV, I, III

(C) II, III, I, IV (D) I, III, II, IV

11. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A) :* बैंक कुछ कर्ज़दारों को कर्ज़ देने के लिए तैयार नहीं होते हैं ।

*कारण (R) :* कुछ लोगों के पास ऋणाधार नहीं होता है ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

12. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) निम्नलिखित में से किस आधार पर 'मानव विकास रिपोर्ट' प्रकाशित करता है ? *1*

(A) विनिर्माण, अवसंरचना और स्वास्थ्य

(B) शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रति व्यक्ति आय

(C) राष्ट्रीय आय, स्वास्थ्य और बैंकिंग

(D) सकल घरेलू उत्पाद, प्रौद्योगिकी और नवाचार


ZOLLEGE

**10.** Arrange the following incidents in chronological order and choose the correct option. *1*

I. French Revolution

II. Napoleon's invasion of Italy

III. Unification of Italy

IV. Vienna Peace Treaty

**Options :**

(A) I, II, IV, III (B) II, IV, I, III

(C) II, III, I, IV (D) I, III, II, IV

**11.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A)* : Banks are not ready to lend money to certain borrowers.

*Reason (R)* : Some people do not have collateral.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**12.** On which of the following basis does the United Nations Development Programme (UNDP) publish the 'Human Development Report' ? *1*

(A) Manufacturing, Infrastructure and Health

(B) Education, Health and Per Capita Income

(C) National Income, Health and Banking

(D) Gross Domestic Product, Technology and Innovation


ZOLLEGE

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'वैश्वीकरण' के आशय का सही वर्णन करता है ? *1*

(A) व्यापार पर कर संबंधी अवरोधों को हटाना

(B) उच्च जीवन स्तर को प्रदान करना

(C) देशों के बीच तीव्र गति से एकीकरण करना

(D) विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए विशेष कदम उठाना

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A) :* भारत में कोई भी व्यक्ति कानूनी तौर पर रुपये में अदायगी को अस्वीकार नहीं कर सकता है ।

*कारण (R) :* भारत में रुपये को राज्य सरकारें प्राधिकृत करती हैं ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

15. ऋण के संबंध में निम्नलिखित परिस्थिति को पढ़िए और ऋण के सकारात्मक प्रभाव की पहचान कीजिए । *1*

सलीम उत्पादन के लिए कार्यशील पूँजी की ज़रूरत को ऋण के द्वारा पूरा करता है । ऋण उसे उत्पादन के कार्यशील खर्चों तथा उत्पादन को समय पर पूरा करने में मदद करता है ।

**प्रभाव :**

(A) सलीम पर ऋण का भार बढ़ जाएगा ।

(B) सलीम की कमाई बढ़ जाएगी ।

(C) उत्पादन में कमी आएगी ।

(D) सलीम ऋण के दुष्चक्र में फँस सकता है ।


ZOLLEGE

13. Which one of the following statements best describes the meaning of 'Globalization' ? *1*

(A) Removal of tax barriers on trade

(B) Providing higher standard of living

(C) Process of rapid integration between countries

(D) Taking special steps to attract foreign companies

14. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A)* : No individual in India can legally refuse a payment made in rupees.

*Reason (R)* : In India the rupee is authorized by the State Governments.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

15. Read the following situation regarding credit and identify the positive impact of credit. *1*

Salim obtains credit to meet the working capital needs of production. The credit helps him to meet the ongoing expenses and complete production on time.

**Impacts :**

(A) The burden of credit will increase on Salim.

(B) Salim's income will increase.

(C) The production will decrease.

(D) Salim may get stuck in a debt trap.


ZOLLEGE

16. निम्नलिखित चित्र का अध्ययन कीजिए । चित्र में होने वाला कार्य अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? *1*



(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) चतुर्थक

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***16*** *के स्थान पर है ।*

निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक की हिस्सेदारी भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में सर्वाधिक है ? *1*

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) चतुर्थक



ZOLLEGE

**16.** Study the following picture. The work done in the picture comes under which one of the following sectors of the economy ? *1*



(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) Quaternary

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***16****.*

Which one of the following sectors has the maximum share in the Gross Domestic Product (GDP) of India ? *1*

(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) Quaternary



ZOLLEGE

17. लोकतंत्र की निम्नलिखित विशेषताओं को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

I. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव

II. कानून के समक्ष समानता

III. व्यक्ति की गरिमा

IV. बहुसंख्यकों का शासन

**विकल्प :**

(A) केवल I, II व III सही हैं ।

(B) केवल II, III व IV सही हैं ।

(C) केवल I, III व IV सही हैं ।

(D) केवल I, II व IV सही हैं ।

18. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में महिलाओं का अपनी राष्ट्रीय संसदों (2018) में प्रतिनिधित्व सबसे अधिक था ? *1*

(A) नॉर्डिक देश

(B) अमेरिका (उत्तरी व दक्षिणी)

(C) यूरोप

(D) एशिया

19. निम्नलिखित देशों में से किसमें द्विदलीय व्यवस्था है ? *1*

(A) चीन

(B) पाकिस्तान

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका

(D) फ्रांस

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*अभिकथन (A)* : आधुनिक लोकतंत्र राजनीतिक दलों के बिना नहीं चल सकता है ।

*कारण (R)* : निर्वाचित प्रतिनिधि केवल अपने-अपने निर्वाचन-क्षेत्रों के प्रति जवाबदेह होंगे, देश के प्रति नहीं ।

**विकल्प :**

(A) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(B) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।



ZOLLEGE

17. Read the following characteristics of democracy and choose the correct option. *1*

I. Free and fair elections

II. Equality before law

III. Dignity of a person

IV. Majority rule

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only I, II and IV are correct.

18. In which of the following regions was women representation the highest in their respective National Parliaments (2018) ? *1*

(A) Nordic countries

(B) America (North and South)

(C) Europe

(D) Asia

19. Which one of the following countries has a two-party system ? *1*

(A) China (B) Pakistan

(C) United States of America (D) France

20. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A)* : Modern democracy cannot function without political parties.

*Reason (R)* : Elected representatives will be accountable only to their constituencies, not towards the country.

**Options :**

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).


ZOLLEGE

~~~

## खण्ड ख

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(4×2=8)*

**21.** (a) भारत की संघात्मक व्यवस्था में संविधान की भूमिका का परीक्षण दो बिंदुओं में कीजिए । *2×1=2*

**अथवा**

(b) भारत की संघात्मक व्यवस्था में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका का परीक्षण दो बिंदुओं में कीजिए । *2×1=2*

**22.** "भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की असीम संभावनाएँ हैं ।" उदाहरण सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *2*

**23.** "उन्नीसवीं सदी तक यूरोप में ग़रीबी और भूख का ही साम्राज्य था ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *2*

**24.** "विदेश व्यापार विभिन्न देशों के बाज़ारों को जोड़ने में सहायक होता है ।" वैश्वीकरण के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए । *2*

## खण्ड ग

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(5×3=15)*

**25.** देश के विकास के विषय में विभिन्न लोगों की धारणाएँ भिन्न क्यों हो सकती हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *3*

**26.** वाणिज्यिक कृषि की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

**27.** राजनीतिक दलों के मुख्य कार्यों की व्याख्या कीजिए । *3*

**28.** "केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा हमारे संविधान की बुनियादी बात है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

**29.** (a) राष्ट्रीय आंदोलन में विभिन्न समुदायों, क्षेत्रों या भाषाओं से संबद्ध अलग-अलग समूहों ने सामूहिक अपनेपन का भाव कैसे विकसित किया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) "महात्मा गाँधी के विचारों और 'स्वराज' की अवधारणा के बारे में मज़दूरों की अपनी समझ थी ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *3*


ZOLLEGE
~~~

## SECTION B

**(Very Short Answer Type Questions)** *(4×2=8)*

**21.** (a) Examine the role of the Constitution in the Federal System of India in two points. *2×1=2*

**OR**

(b) Examine the role of the Supreme Court in the Federal System of India in two points. *2×1=2*

**22.** "India has enormous possibilities of tapping solar energy." Explain the statement with example. *2*

**23.** "Until the nineteenth century, poverty and hunger were common in Europe." Analyse the statement. *2*

**24.** "Foreign trade results in connecting the markets in different countries." Support the statement in context of globalisation. *2*

## SECTION C

**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** Why could different persons have different notions of a country's development ? Explain with examples. *3*

**26.** Describe any three features of commercial farming. *3×1=3*

**27.** Explain the main functions of political parties. *3*

**28.** "Sharing of power between the Union Government and State Governments is basic to the structure of our Constitution." Support the statement. *3*

**29.** (a) How did people belonging to different communities, regions or language groups develop a sense of collective belonging in the National Movement ? Explain with examples. *3*

**OR**

(b) "Workers had their own understanding of Mahatma Gandhi and the notion of 'Swaraj'." Explain the statement with examples. *3*


Z0LLEGE

## खण्ड घ

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न) (4×5=20)

**30.** (a) "असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों को संरक्षण और सहायता की आवश्यकता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की परख कीजिए । *5*

**अथवा**

(b) "निजी क्षेत्रक की गतिविधियों का ध्येय लाभ अर्जित करना होता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की परख कीजिए । *5*

**31.** (a) उद्योग किस प्रकार जल प्रदूषण के मुख्य स्रोत हैं ? जल संरक्षण के किन्हीं दो सुझावों का उल्लेख कीजिए । *3+2=5*

**अथवा**

(b) उद्योग किस प्रकार वायु प्रदूषण के प्रमुख कारक हैं ? वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए किन्हीं दो सुझावों का उल्लेख कीजिए । *3+2=5*

**32.** (a) लोग अन्य किसी भी वैकल्पिक शासन व्यवस्था की तुलना में लोकतंत्र को क्यों पसंद करते हैं ? उचित तर्कों सहित स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

(b) लोकतंत्र किस प्रकार एक उत्तरदायी एवं कार्यकुशल शासन व्यवस्था है ? उचित तर्कों सहित स्पष्ट कीजिए । *5*

**33.** (a) "फ्रांसीसी क्रांति ने फ्रांसीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान की भावना पैदा की ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(b) "यूनान के स्वतंत्रता संग्राम ने पूरे यूरोप में शिक्षित अभिजात वर्ग में राष्ट्रीय भावनाओं का संचार किया ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *5*


ZOLLEGE

## SECTION D

## (Long Answer Type Questions) *(4×5=20)*

**30.** (a) "There is a need for protection and support of the workers in the unorganised sector." Examine the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "Activities in the private sector are guided by the motive to earn profits." Examine the statement with examples. *5*

**31.** (a) How are industries the main source of water pollution ? Mention any two suggestions for the conservation of water. *3+2=5*

**OR**

(b) How are industries the main factor for air pollution ? Mention any two suggestions to overcome the problem of air pollution. *3+2=5*

**32.** (a) Why do people prefer democracy over other alternatives ? Explain with suitable arguments. *5*

**OR**

(b) How is democracy an accountable and efficient system of government ? Explain with suitable arguments. *5*

**33.** (a) "The French Revolution created a sense of collective identity amongst the French people." Explain the statement with suitable arguments. *5*

**OR**

(b) "The Greek war of independence mobilised nationalist feelings among the educated elite across Europe." Explain the statement with suitable arguments. *5*



ZOLLEGE

## खण्ड ङ

## (केस-आधारित/स्रोत-आधारित प्रश्न) *(3×4=12)*

**34.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1857 के विद्रोह के बाद प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति रवैया बदल गया । क्रुद्ध अंग्रेज़ों ने 'देसी' प्रेस का मुँह बंद करने की माँग की । ज्यों-ज्यों भाषाई समाचार-पत्र राष्ट्रवाद से समर्थन में मुखर होते गए, त्यों-त्यों औपनिवेशिक सरकार में कड़े नियंत्रण के प्रस्ताव पर बहस तेज़ होने लगी । आइरिश प्रेस कानून के तर्ज़ पर 1878 में वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट लागू कर दिया गया । इससे सरकार को भाषाई प्रेस में छपी रपट और संपादकीय को सेंसर करने का व्यापक हक़ मिल गया । अब से सरकार ने विभिन्न प्रदेशों से छपने वाले भाषाई अख़बारों पर नियमित नज़र रखनी शुरू कर दी । अगर किसी रपट को बाग़ी करार दिया जाता था तो अख़बार को पहले चेतावनी दी जाती थी, और अगर चेतावनी की अनसुनी हुई तो अख़बार को ज़ब्त किया जा सकता था और छपाई की मशीनें छीन ली जा सकती थीं ।

(34.1) 'वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट' किस नियम पर आधारित था ? *1*

(34.2) 1857 के विद्रोह के बाद प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति अंग्रेज़ों का रवैया क्यों बदल गया ? स्पष्ट कीजिए । *1*

(34.3) 'वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट' लागू होने के किन्हीं दो प्रभावों की व्याख्या कीजिए । *2×1=2*

**35.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### सहकारी समितियों से ऋण

बैंकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का एक अन्य स्रोत सहकारी समितियाँ हैं । सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं । कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव हैं, जैसे – किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मज़दूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ । कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नज़दीक एक गाँव में काम करती है । इसके 2300 किसान सदस्य हैं । यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती हैं । इस जमा पूँजी को ऋणाधार मानते हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है । इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को कर्ज़ देने के लिए किया जाता है । यह ऋण लौटाने के बाद कर्ज़ का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है ।

कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के ख़र्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है ।

(35.1) 'सहकारी समिति' 'ऋण' के किस स्रोत का उदाहरण है ? *1*

(35.2) ग्रामीण विकास में सहकारी समितियों के योगदान की व्याख्या कीजिए । *1*

(35.3) स्वयं-सहायता समूहों की पूँजी के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए । *2×1=2*


ZOLLEGE

## SECTION E

### (Case-Based/Source-Based Questions) *(3×4=12)*

**34.** Read the given source and answer the questions that follow :

After the Revolt of 1857, the attitude to freedom of the press changed. Enraged Englishmen demanded a clamp down on the 'native' press. As vernacular newspapers became assertively nationalist, the colonial government began debating measures of stringent control. In 1878, the Vernacular Press Act was passed, modelled on the Irish Press Laws. It provided the government with extensive rights to censor reports and editorials in the vernacular press. From now on the government kept regular track of the vernacular newspapers published in different provinces. When a report was judged as seditious, the newspaper was warned, and if the warning was ignored, the press was liable to be seized and the printing machinery confiscated.

(34.1) On which rule was the 'Vernacular Press Act' based ? *1*

(34.2) Why did the attitude of the British change towards the freedom of press after the Revolt of 1857 ? Explain. *1*

(34.3) Explain any two impacts of passing the 'Vernacular Press Act.' *2×1=2*

**35.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Loans from Cooperatives**

Besides banks, the other major source of cheap credit in rural areas are the cooperative societies (or cooperatives). Members of a cooperative pool their resources for cooperation in certain areas. There are several types of cooperatives possible such as farmers cooperatives, weavers cooperatives and industrial workers cooperatives, etc. Krishak Cooperative functions in a village not very far away from Sonpur. It has 2300 farmers as members. It accepts deposits from its members. With these deposits as collateral, the Cooperative has obtained a large loan from the bank. These funds are used to provide loans to members. Once these loans are repaid, another round of lending can take place.

Krishak Cooperative provides loans for the purchase of agricultural implements, loans for cultivation and agricultural trade, fishery loans, loans for construction of houses and for a variety of other expenses.

(35.1) 'Cooperative society' is an example of which source of 'credit' ? *1*

(35.2) Explain the contribution of Cooperative Societies in rural development. *1*

(35.3) Mention any two sources of capital for Self-Help Groups. *2×1=2*


ZOLLEGE

**36.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*संसाधनों का संरक्षण* : संसाधन किसी भी तरह के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । परंतु संसाधनों का विवेकहीन उपभोग और अति-उपयोग के कारण कई सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएँ पैदा हो सकती हैं । इन समस्याओं से बचाव के लिए विभिन्न स्तरों पर संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है । भूतकाल से ही संसाधनों का संरक्षण बहुत से नेताओं और चिंतकों के लिए चिंता का विषय रहा है । उदाहरणार्थ, गाँधीजी ने संसाधनों के संरक्षण पर अपनी चिंता इन शब्दों में व्यक्त की है – "हमारे पास हर व्यक्ति की आवश्यकता पूर्ति के लिए बहुत कुछ है, लेकिन किसी के लालच की संतुष्टि के लिए नहीं । अर्थात् हमारे पास पेट भरने के लिए बहुत है, लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं ।" उनके अनुसार विश्व स्तर पर संसाधन ह्रास के लिए लालची और स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणात्मक प्रवृत्ति जिम्मेदार है । वे अत्यधिक उत्पादन के विरुद्ध थे और इसके स्थान पर अधिक बड़े जनसमुदाय द्वारा उत्पादन के पक्षधर थे ।

(36.1) 'संसाधन नियोजन' को परिभाषित कीजिए । *1*

(36.2) संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए । *1*

(36.3) गाँधीजी ने क्यों कहा कि – 'हमारे पास हर व्यक्ति की आवश्यकता पूर्ति के लिए बहुत कुछ है, लेकिन किसी के लालच की संतुष्टि के लिए नहीं' ? किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए । *2×1=2*

## खण्ड च

### (मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न) *(2+3=5)*

**37.** (a) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर), में दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह किया था । *1*

B. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा था । *1*

(b) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) नहरकटिया – तेल क्षेत्र

(ii) तलचर – प्रमुख कोयला खानें

(iii) नरोरा – परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(iv) तूतीकोरिन – प्रमुख समुद्री पत्तन


Z0LLEGE

**36.** Read the given source and answer the questions that follow :

*Conservation of Resources :* Resources are vital for any developmental activity. But irrational consumption and over-utilisation of resources may lead to socio-economic and environmental problems. To overcome these problems, resource conservation at various levels is important. This had been the main concern of the leaders and thinkers in the past. For example, Gandhiji was very apt in voicing his concern about resource conservation in these words: "There is enough for everybody's need and not for any body's greed." He placed the greedy and selfish individuals and exploitative nature of modern technology as the root cause for resource depletion at the global level. He was against mass production and wanted to replace it with the production by the masses.

(36.1) Define the term 'Resource Planning'. *1*

(36.2) Explain the need for conservation of resources. *1*

(36.3) Why did Gandhiji say – "There is enough for everybody's need and not for any body's greed ?" Analyse any two reasons. *2×1=2*

## SECTION F

### (Map Skill-Based Questions) *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (on page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where Gandhiji started Satyagraha for indigo peasants. *1*

B. The place where Gandhiji broke the Salt Law. *1*

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) Naharkatiya – Oil field

(ii) Talcher – Major Coal Mines

(iii) Narora – Atomic Power Plant

(iv) Tuticorin – Major Sea Port



ZOLLEGE

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37** के स्थान पर हैं ।*

*किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* *5×1=5*

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए 'सत्याग्रह' किया था ।

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा था ।

(37.3) नहरकटिया तेल क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तलचर प्रमुख कोयले की खानें स्थित हैं ।

(37.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरोरा नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(37.6) तूतीकोरिन समुद्री पत्तन किस राज्य में स्थित है ?


ZOLLEGE

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37****.*

*Attempt any* ***five*** *questions.* *5×1=5*

(37.1) Name the place where Gandhiji started 'Satyagraha' for indigo peasants.

(37.2) Name the place where Gandhiji broke the Salt Law.

(37.3) In which state is Naharkatia oil field located ?

(37.4) Name the state where Talcher major coal mines are located.

(37.5) Name the state where Narora Nuclear Power Plant is located.

(37.6) In which state is Tuticorin sea port located ?

ZØLLEGE

प्रश्न सं. 37 के लिए

**For question no. 37**

